Prabhat Khabar

Kolkata - Aug 21, 2019

Page No: 5
Page Name: n.a.
Size: 299 sq. cm
AVE: INR 74,794

Type: Newspaper
Language: Hindi
Circulation: 65,222
Frequency: Daily

News monitored for: Emami Group
Title: Emami launches Mantra spices

इमामी ने पेश किया मंत्रा मसाले

- **कंपनी का अगले पांच वर्षों में 1500 करोड़ रुपये के बिजनेस का लक्ष्य**
- **बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री अनन्या चटर्जी बनीं ब्रांड एंबेसडर**

कोलकाता. महानगर में मंगलवार को जानीमानी कंपनी इमामी हेल्दी एंड टेस्टी ने अपने एडीबल ऑयल ब्रांड की बड़ी सफलता के बाद अब मंत्रा मसाले को पेश किया है. इस दौरान इमामी ग्रुप के निदेशक आदित्य वर्धन अग्रवाल ने बताया कि इमामी एडीबल ऑयल की सफलता के बाद अब उन्होंने मंत्रा मसाले की लॉन्चिंग की है. उन्होंने बताया कि फिलहाल इसे पश्चिम बंगाल में लॉन्च किया जा रहा क्योंकि बंगाल के रसोई घरों में तेल और मसाले का मिश्रण बहुत चर्चित है. यही कारण है कि वह आने वाले एक वर्ष तक बंगाल में ही इसे सफल बनाना चाहते हैं. श्री अग्रवाल ने बताया कि कोलकाता मार्केट में 35 प्रतिशत से भी अधिक इमामी एडीबल ऑयल की मांग है. अगले पांच वर्षों में वह मंत्रा मसाले से 1500 करोड़ रुपये के बिजनेस की उम्मीद करते हैं. बांग्ला फिल्म अभिनेत्री अनन्या चटर्जी को इसका ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है.

श्री अग्रवाल ने बताया कि वह शुरुआत में रसोई में प्रतिदिन इस्तेमाल किये जाने वाले शुद्ध मसाले जैसे जीरा, धनिया, हल्दी व लाल मिर्च के साथ ब्रांडेड शाही गरम मसाला, मीट मसाला, चिकन मसाला, डलना मसाला, मलाई कढ़ी मसाल तथा टेस्ट मेकर के तीन रेंज इटालियन, चाइनीज और इंडियन लॉन्च कर रहे हैं. जो अन्य ब्रांडों से हटकर हैं. श्री अग्रवाल ने कहा कि अगले वर्ष तक इसे पूरे भारत में लॉन्च कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि वह मसालों की बेहतरीन गुणवत्ता के लिए सिलम से हल्दी , राजस्थान से जीरा और आंध्रप्रदेश से मिर्च लेकर आ रहे हैं.

© Prabhat Khabar